Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Foundation

Gurukul K

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्
पुस्तक-संख्या २२.१/१०
पंजिका-संख्या १६५४८
पुस्तक पर सर्व प्रकार की निशानियाँ लगाना वर्जित है। कोई महाशय १५ दिन से अधिक देर तक पुस्तक अपने पास नहीं रख सकते। अधिक देर तक रखने के लिये पुनः आज्ञा प्राप्त करनी चाहिये।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान आदि न लगायें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जर्मन डाक्टर लुई कौहनी

साहिब के

सर्व रोगघ्न ४ स्नान

लेखक

CHECKED 1973
Initial



Verification-2004
55.1.10
16994

कविविनोद, वैद्यभूषण,
पण्डित ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

५५.१/१० १६५५४/६५-२६
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जर्म्मन डाक्टर लुई कोहनी

साहिब के

सर्व रोगघ्न ४ स्नान

जिस में
उन चारों स्नानों की पूरी विधि बड़ी योग्यता से संक्षिप्त करके लिखने के पश्चात् उन से प्लेग की चिकित्सा कैसे करनी चाहिये इसका भी वर्णन किया गया है

पुस्तकालय गुरुकुल कांगड़ी

जिसको

"अमृतधारा" के आविष्कारक तथा उर्दू, हिन्दी देशोपकारक के सम्पादक और विविध वैद्यक पुस्तकों के रचयिता

पं० ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य कवि विनोद "वैद्यभूषण"

ने लिखा

और

देशोपकारक पुस्तकालय के कार्यकर्ता ने
छपवा कर प्रकाशित किया।

55.1,10
16994

सं० १९२८ ई०

अमृत विद्युत् प्रेस, लाहौर में पं० ईश्वरदास भार्गव के प्रबन्ध से छपा।

द्वितीय वार १००० प्रति] [मूल्य =)॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिका

हमारा विचार है कि विलायत में जो भिन्न २ विधियां चिकित्सा की निकल रही हैं—कोई केवल पानी से चिकित्सा करता है, कोई सूर्य के रंगों से चिकित्सा करता है, कोई केवल वस्ति से जगत् भर के रोग खोता है, कोई चार स्नानों से चिकित्सा कर रहा है, कई मानसिक शक्ति ही को चिकित्सा का मुख्य अंग ठहराते हैं—उन सब को अति संक्षिप्त करके जिसमें उनका सारांश आजावे, अपने भाइयों के ज्ञान वृद्धि तथा विचारार्थ लिखें। यह डाक्टर अपनी विधि की पुष्टि में अपने स्वस्थ किए हुए रोगियों के वृतान्त आदि लिखने में पृष्टों के पृष्ट भर दिया करते हैं। हम सारी पुस्तक को पढ़कर उसका सारांश आपके सन्मुख रख दिया करेंगे। आशा है कि इन से बहुत लाभ होगा। इन चिकित्सा विधियों के विषय में हमारा विचार है, कि यह अपने २ स्थान पर बड़ी उत्तम हैं; परन्तु एक ही खियाल में बह जाना भी उत्तम नहीं है। यथा अवसर इन से काम लेना चाहिये, और जैसा कि इन सब की सम्मति होती है औषधि से डरना नहीं चाहिये प्रत्युत जब २ आवश्यकता हो उसको भी बरतना चाहिये। हां बात २ पर औषधि खाना भी अच्छा नहीं है।

आज यह आप के सामने ४ स्नानों का वर्णन है, जिन के होते डाक्टर लुई कोहनी किसी और चिकित्सा की आवश्यकता नहीं समझते हैं। आशा है सर्व सज्जन यथायोग्य लाभ उठावेंगे। यह वही लेख है, कि जो उर्दू देशोपकारक में हम लिख चुके हैं और जिसको बहुत पसन्द किया गया था।

ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय संस्करण

इस छोटी सी पुस्तक का दूसरा संस्करण भी छप रहा है परन्तु अभी "दैवी-चिकित्सा" की अन्य पुस्तकें लिखी नहीं गईं। केवल मानसिक चिकित्सा पर लिखी गई हैं, समय मिलता है तो और भी अर्पण करता हूं।

द्वितीय अवृत्ति

हर्ष है कि जनता हमारी पुस्तकों से लाभ उठा रही है। दूसरी बार यह पुस्तक छप रही है। शिशु चिकित्सा भी पूरी हो चुकी है। बारी आने पर प्रैस में दी जावेगी। उर्दू में छप चुकी है।

अभागे भारत में कई स्थानों पर $\frac{1}{3}$ बालक प्रथम वर्ष ही मर जाते हैं और जो जीते हैं उनमें से $\frac{2}{3}$ का स्वास्थ्य अच्छा नहीं होता। फिर समझिये कितना आवश्यक है कि इस प्रकार की पुस्तकों का प्रचार हो।

अन्य भी इस पुण्यकार्य में भाग लें।

ठाकुरदत्त शर्मा वैद्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डाक्टर कुहनी साहिब

के

चार स्नान और प्लेग ॥

डाक्टर लोई कुहनी साहिब जर्मनी के एक डाक्टर हैं। उनका दावा है, कि संसार के सर्व रोग इन चार स्नानों में से एक न एक से जिसको उन्होंने निर्द्धारित किया है, दूर हो जाते हैं। डाक्टर लोई कुहनी की पुस्तक ५० वार से अधिक छप चुकी है, और यह उन के इस आविष्कार की सर्वप्रियता का पर्य्याप्त प्रमाण है। उनकी पुस्तक का नाम "न्यू सायन्स आफ़ हेलिंग" New Science of Healing अर्थात् नव चिकित्सा विद्या है। जर्मनी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से उर्दू में अनुवादित होचुकी है। उर्दू पुस्तक का नाम "नया इल्म शफ़ा बख़शी" है।

डाक्टर साहिब की प्रतिज्ञा

यह है कि रोग संसार में एक है, और विविध रूपों में प्रकट होने के कारण से उस के अनेक नाम हैं। रोग एक ही है अतएव चिकित्सा भी निस्सन्देह एक ही है। और वह प्राकृतिक चिकित्सा ४ स्नान हैं ॥

उक्त डाक्टर सहिब के किञ्चित् शब्दों का आशय नीचे अंकित किया जाता है:—

"अब हम को विचार करना चाहिये, कि शरीर के किन हेतुओं से व्याधि उत्पन्न होती है? जो प्रकृति के विरुद्ध आहार शरीर में पहुंचता है, उस को प्रकृति अपना द्वेषी जान कर वमन विरेचन अथवा अन्य प्रकार से बाहर निकालने का यत्न करती है। सारांश यह है कि ऐसा आहार बल पूर्वक रोका नजावे तो अ श्य निकल जाता है और अपने साथ दूसरे आहार को उस के पाक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने से पहिले ही ले जाता है। अन्यथा नियम विरुद्ध अपक्व अंश अन्त्रियों में पहुंचते हैं, और इस दशा में पाचन क्रिया भली भांति नहीं होती। ऐसे आहारांश बहुधा स्वभावतः अपने आप बाहर निकल जाते हैं। और यदि कोई भाग रुधिर में सम्मिलित भी हो जाय, तो वह तुरन्त पृथक् हो जाता है॥

"यहां तक तो कोई हानि नहीं होती। परन्तु दुर्भाग्य से प्राकृतिक नियम का उल्लङ्घन सदैव होता रहता है। और न केवल वारम्बार वरन् दैनिक किया जाता है। जिससे शरीर अपना कर्तव्य पालन करने के अयोग्य हो जाता है। यह अप्राकृतिक अंश पहिले २ आमाशय की नालियों के मार्ग के समीप एकत्र होते हैं, और प्रति दिन इस दूषित पदार्थ की मात्रा बढ़ती जाती है। यहां तक कि वह टूटता है और पृथक् होना आरम्भ होता है अब यदि यह दूषित पदार्थ बाहर न निकले, तो नीचे ऊपर फैलता है। और क्रमशः शरीर के सब अवयवों में प्रविष्ट होने लगता है। बड़ी नाली से और अंगों की ओर जाता है। यहां तक कि शरीर की सीमा पर ही जाकर रुकता है। फिर शरीर उसे त्वचा पर लाने का यत्न करता है। किन्तु उसे कुछ काल तक कृतकार्यता नहीं होती। जब यह अवस्था हो जाती है, तो प्रस्वेदादि निकलना आरम्भ होता है। और यह पहिले शरीर के अन्तिम भाग पर प्रगट होता है, यथा हाथ वा पांव से पसीना निकलता है, और उस से शरीर को सुख मिलता है। यद्यपि इस विषय में लोगों के विविध विचार हैं। पसीना निकलना यद्यपि व्याधिका लक्षण है, किन्तु इसे कृत्रिम उपायों द्वारा रोकने से शारीरिक स्वास्थ्य और भी अधिक बिगड़ जाती है। एकसायटिंग काज़ (Exciting Cause) यथा शीत अधिक लगना, अति श्रम, क्षताघात, या इसी प्रकार के और हेतु उसे उसी मार्ग से पुनः मोड़ ले जाते हैं, जिस से वह आया था। वह संधियों (जोड़ों) पर आकर प्रायः ठहर जाता है। इस प्रकार शरीर में शोथ उत्पन्न हो जाता है, जो जोड़ों के पास होता है, जैसा कि हम सन्धिवातकी दशा में देखते हैं। वह सम्पूर्ण अंग जिन में दूषित पदार्थ ठहर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाता है, अपने कर्तव्यों को भलीभांति पालन नहीं करते। उन में रुधिर का भ्रामण रुक जाता है। जिसका परिणाम यह होता है कि पालन पोषण ठीक नहीं होता। यदि अंगों पर दबाव अधिक पड़ता है, तो वह शीतल हो जाते हैं, और फिर उन्हें उष्ण करना कठिन होजाता है। यह सरदी पहिले हाथ पांव पर और फिर सम्पूर्ण शरीर पर फैल जाती है। और उस के साथ साथ अप्राकृतिक पदार्थ शरीर की आकृतिमें भी परिवर्तन कर देता है। यह एक ऐसी साधारण बात है, कि बहुत से मनुष्य इस परिवर्तन को मालूम नहीं कर सकते। परन्तु बाह्य परिवर्तनों से पता लग सकता है, कि शरीर में कितना अप्राकृतिक पदार्थ सञ्चित है॥

"इसी आधार पर जो ऊपर वर्णन किया गया, ग्रन्थकार ने चेहरे को देख कर सर्व रोग बताने की योग्यता प्राप्त की। क्यों चेहरा और गर्दन में छोटे २ परिवर्तन भी (यद्यपि उन के जानने के लिये बहुत तीव्र बुद्धि चाहिये) देखे जा सकते हैं॥

"यहां स्वास्थ्य परीक्षा पर जो पहले वर्णन की गई ध्यान दिलाया जाता है। जब इससे विदित हो कि स्वास्थ्य प्रकृतावस्था में है, तो जान लेना चाहिये कि आमाशय और सम्पूर्ण शरीर में कोई अप्राकृतिक पदार्थ (मवाद, दोष) सञ्चित नहीं है। क्योंकि सम्पूर्ण शरीर में जाने से पहिले आहार की नाली में ही प्रभाव होता है। यदि परीक्षा से विदित होकि सम्पूर्ण शरीर स्वस्थ नहीं है, तो प्रथम कार्य्य यह होना चाहिये कि हम पता लगावें, कि कितना दूषित पदार्थ शरीर में सञ्चित है।

"किसी समय शरीर पर इतने बड़े २ शोथ होजाते हैं, कि प्रत्येक मनुष्य को दिखाई देते हैं। यथा फोड़े फुन्सियां आदि। यदि हम आन्तरिक शरीर को शुद्ध करने में कृतकार्य हों, तो अपने आप लोप हो जाते हैं, किन्तु यदि कोई कृत्रिम क्रिया शल्यादि की जावे तो उस से शरीर को हानि पहुंचती है। क्योंकि जो अप्राकृतिक पदार्थ (कुपित दोष) एक जगह ठहर गया था वह शरीर के दूसरे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागों में भी फैल जाता है। जो शरीर दोषों से भरा हुआ है, वह अवश्य रोगग्रस्त है। समझना चाहिये कि उतना ही अधिक अप्राकृतिक पदार्थ जमा है। दूषित पदार्थ आवश्यक है कि अन्य दूषित पदार्थ उत्पन्न करे। यह बाह्य कारणों पर निर्भर है, कि वह कब बढ़ता है। ऋतु के परिवर्तन से, आहार से, और अन्य ऐसे ही कारणों से बढ़ना आरम्भ होजाता है। यदि शरीर में यह अप्राकृतिक पदार्थ बहुत अधिक हो, तो वह सम्पूर्ण शरीर या शरीर के ऐसे बहुत बड़े भाग में फैल जाता है। यह गरमी उत्पन्न करता है। यह वही गरमी होती है जिस को साधारणतः ज्वर कहा जाता है। अप्राकृतिक पदार्थ सञ्चित होने के दिनों में शरीर इस दूषित पदार्थ को दूर करने के उद्योग में अपनी सम्पूर्ण शक्ति को खर्च कर देता है। अप्राकृतिक पदार्थ को बाहर निकालने के लिये शरीर के उद्योग का नाम ज्वर है। अस्तु प्रत्येक कठिन ज्वर पुनःस्वास्थ्य प्राप्त करने का उद्योग है। सम्पूर्ण Accute (दारुण रोगों) का कारण यही है। इस से परिणाम यह निकाला है, कि ज्वर अपने आप दूर हो जाना चाहिये, जब कि अप्राकृतिक पदार्थ दूर हो जावे। और यही प्राकृतिक चिकित्सा है। यदि यह कृत्रिम उपायों से दबाया जावे तो अप्राकृतिक पदार्थ शरीर में शेष रहता है और शरीर को अधिक हानिकारक रोगों में ग्रस्त कर देता है॥

"प्रिय वाचकवृन्द!" क्या कभी आप को ध्यान आया है कि एक ओर तो आप का एक मित्र कहता है, कि मैं पिछले ज्वर से निवृति पाकर पहिले से भी अधिक स्वस्थ हो गया हूं, और दूसरा कहता है, कि मुझे गत रोगावस्था के पश्चात् से सदैव कोई न कोई कष्ट रहता है। अब आप को इन दोनों परस्पर विरुद्ध अवस्थाओं के समझने में कोई कठिनता न रही होगी, पहिली अवस्था में तो ज्वर को अप्राकृतिक पदार्थ के बाहर निकालने में कृतकार्य्यता हुई है, और दूसरी में वह अकृत कार्य्य रहा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गरमी के बाह्य लक्षणों के कारण इस के विविध नाम पड़ गये हैं। और इसमें वह सब भी रोग सम्मिलित हैं, जो विशेष कर बालकों को अधिक होते हैं। यथा विस्फोटक, शीतला, मसूरिका, मोतीझरा, विशूचिका, मरोड़, टाईफ़ाईड भी इसी प्रकार के रोग हैं ॥

जैसा कि हमने पहिले वर्णन किया; इन सबका हेतु एक ही होता है। और इनका प्रभेद अधिकतर बाह्यावस्थाओं पर और विशेषकर उस दूषित पदार्थ की न्यूनाधिकता पर निर्भर है; जो नालियों में भर जाता है। बलवान् मनुष्यों की अवस्थाओं में प्रायः यह होता है, कि शरीरके केवल थोड़ा सा भाग अप्राकृतिक पदार्थ बाहर निकाल देने पर वह ज्वर से बच जाते हैं। ऐसे मनुष्य अपनी स्वास्थ्य के उत्तम होने का मान किया करतेहैं, क्योंकि उन्हें अप्राकृतिक पदार्थ की वृद्धि से पहिले कोई कष्ट अनुभव नहीं होता। परन्तु अन्त में उनकी अवस्था भी उन रोगियों के सदृश होजाती हैं, जिन का ज्वर औषधियों द्वारा दवाया जाता है। क्रमशः दुखदाई अवस्था आरम्भ होजाती है। यथा शिरःशूल, कास, दन्तशूल, जीवन एक बोझ प्रतीत होता है, और कष्ट दिन प्रति दिन बढ़ता जाता है शरीर के बाजे अंग निर्बल होजाते हैं। केश श्वेत होजाते है, अथवा झड़ जाते हैं। दांत ख़राब होजाते हैं। नेत्र और कर्ण अपने कर्तव्य पालन में त्रुटि करने लगते हैं। अथवा पूर्णतया कार्य त्याग देते हैं। शरीर के वह स्थान जहां अप्राकृतिक पदार्थ अधिक जमा होता है ठंडा होजाता है, और वेदना आरम्भ होजाती है। पाचन शक्ति जाती रहती है। कभी कोष्ठबद्धता रहती है, और कभी रेचन। और अप्राकृतिक पदार्थ के बढ़ने के समय में अन्त्रियों में दाह उत्पन्न होजाता, और आमाशय की झिल्ली रुक्ष होकर कोष्ठबद्धता उत्पन्न करती है ॥

इनके पश्चात् जो २ व्याधियां उत्पन्न होती हैं, उनकी व्याख्या लेखवृद्धि के भय से छोड़ी जाती है। यहां हम फुप्फुस संबंधी साधारण भयानक रोग और उन के कारण लिखते हैं ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"फेफड़े दूसरे अंगों की भांति उसी समय रोगग्रस्त होते हैं, जब उन पर सञ्चित दोष का दबाव पड़ता है। और उनका विनाश उस समय आरम्भ होता है, जब शरीर के अन्तिम भाग से पुनः लौट आता है। यह अप्राकृतिक पदार्थ आमाशय की ओर से आरम्भ होकर फुप्फुस की ओर फैलता है, और फुप्फुस के अन्तिम भाग अर्थात् कन्धों के नीचे ठहर जाता है। यहां से आगे नहीं जा सकता, इसलिये फुप्फुस के शिरों पर जमा होकर नाश आरम्भ करता है। इसी का नाम राजयक्ष्म (तपेदिक्) रोग है॥"

इससे आप ने भलीभांति समझ लिया होगा कि, एक अप्राकृतिक पदार्थ के कारण, जिस का नाम दोष आदि चाहे कुछ ही रक्खा जावे प्रत्येक रोग आरम्भ होता है। जहां वह पदार्थ जा बैठता है उसी जगह के रोग आरम्भ हो जाते हैं। इन सब की चिकित्सा डाक्टर साहिब चार प्रकार के स्नानों से करते हैं;—

और अब हम उन स्नानों का वर्णन करते हैं॥

उचित तो यह होता कि इस अध्याय का पूरा अनुवाद यहां किया जाता परन्तु एक अंक में यह समाप्त नहीं होसकता, इस लिये उसका आवश्यक सारांश अंकित करते हैं:—

स्टीम बाथ अर्थात् भाप का स्नान या स्वेदन

यह स्नान अप्राकृतिक पदार्थ को निकालने के लिये विशेष रूप से हितकर है। इस को वैद्यक में स्वेदन विधि कहते हैं। यूनानी में इन्कबाब कहा जाता है। शरीर को बाष्प पहुंचाई जाती है। जिस से सम्पूर्ण शरीर को पसीना आ जाता है। अवस्थानुसार यदि किसी को पसीना की आवश्यकता हो, तो उसी जगह भपारा किया जाता है। इससे अप्राकृतिक पदार्थ निकल जाता है। डाक्टर साहिब स्वास्थ्य स्थिर रखने के लिये भी इसे आवश्यक समझते हैं। यद्यपि वैद्यों और हकीमों की पुस्तकों से ज्ञात होता है, कि सब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्राकृतिक पदार्थ निकालने के लिये केवल भपारा पर्याप्त नहीं है। परन्तु यहां इसके निर्णय से प्रयोजन नहीं है। यहां हमें डाक्टर साहब के स्नानों का वर्णन करना है, जो वास्तव में बहुत रोगों पर नितान्त हितकर प्रमाणित होचुके हैं, और प्लेग के लिये भी प्रशंसा प्राप्त करते जाते हैं, और जिनके विषय में डाक्टर साहब का दावा है कि सर्व रोगों को हितकर हैं। स्टीमबाथ (स्वेद कर्म) कई प्रकार से किया जाता है॥

पूर्ण शरीर का स्टीमबाथ (स्वेद स्नान)

इसके लिये डाक्टर साहब ने एक विशेष यन्त्र भी निर्माण किया है, और स्वयम् भी बनवाया जा सकता है। आरामकुर्सी भी यह काम दे सकती है। रोगी को नंगा कर के पृष्ट के बल लेटा

चित्र नं० १



देना चाहिये; जैसाकि चित्र से विदित है। उसके ऊपर एक कम्बल इस प्रकार ओढ़ा देना चाहिये, कि भूमि तक चारों ओर पहुंचे, और बाष्प बाहर न निकले। तीन चार देगचियां लेकर उन्हें पृथक् २ चूल्हों पर रखकर खूब गरम करना चाहिये। जब खूब उबलने लगे तो उठाकर उन्हें आरामकुर्सी अर्थात् रोगी के नीचे रखा देना चाहिये। इनके ऊपर के ढकनों के इतस्ततः करने से बाष्प न्यूनाधिक की जा सकती है। बालक के लिये एक देगची पर्याप्त है और तरुण के वास्ते दो तीन। पहिले पहल मुख को भी कम्बल के नीचे ढक लेना चाहिये। यथाआवश्यक बाहर निकलकर खुली वायु का श्वास लेकर पुनः ढांक लिया जा सकता है। एक देगची अधिक चूल्हे पर रखनी चाहिये। ताकि पहिले देगचियों को बदल सकें, और जितनी देर बाष्प देनी हो दी जा सके। १० मिनट के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भीतर पहिले देगचे से बाष्प निकलनी कम होजाती है। और १०-१५ मिनट के पश्चात् रोगी को उलट जाना चाहिये। आशा है अब शिर से पांव तक एक साथ पसीना आना आरम्भ होगा। जिन्हें पसीना न आता हो, उन्हें शिर ढके रखना चाहिये, कुछ अधिक अहित नहीं है। १५ मिनट से ३० मिनट तक जितनी आवश्यकता हो, पसीना देना चाहियें। यदि बहुत अल्प प्रस्वेद की आवश्यकता हो, तो देगचियां नहीं बदलनी चाहियें। शरीर के उन भागों में जिनमें अप्राकृतिक पदार्थ साञ्चित हो, स्वेद कठिनता से आता है। और रोगी को वहां अधिक बाष्प लेने की अपने आप आवश्यकता होती है॥

यह स्टीमबाथ बहुत निर्बल मनुष्यों को न देना चाहिये, उन्मादी रोगी को भी यह स्नान नहीं देना चाहिये। ऐसे रोगियों को फ्रैकशन सिट्ज़बाथ और फ्रैकशन हिपबाथ, और सनबाथ लेना चाहिये, (जिनका वर्णन अभी किया जावेगा) बाष्पीय स्वेद सप्ताह में दो बार पर्याप्त है॥

स्मरण रहे कि बाष्पीय स्वेद के पश्चात् शरीर को शीतल करने के वास्ते फ्रैकशन हिपबाथ कूप के ताज़े पानी से करना चाहिये, इसमें शरीर का मध्य भाग केवल पेड़ू धोया जाता है। अतः उसके अतिरिक्त छाती, हाथ, टांग, पांव, शिर, गर्दन को बहुत शीघ्र और फुर्ती से इस बाथ के आदि अथवा अन्त में धो लिया जाय तो उत्तम है। डाक्टर साहब कहते हैं, कि भय मत करो, बाष्पीय स्वेदन से उष्ण हुआ शरीर शीतल किये जाने से दृढ़ और परिश्रमी हो जाता है॥

अब जब कि शरीर शीतल होगया, तो हिपबाथ (पेड़ू के धोने के पश्चात्) खुली वायु में या विशेष कर धूप में थोड़ा सा व्यायाम करके उसको उष्ण भी कर लेना चाहिये। यदि रोगी निर्बल है, तो गरम चादर ओढ़ कर पलंग पर जाना पर्याप्त है। परंतु जैसा कि वर्णन हुआ निर्बल रोगियों को स्टीमबाथ कराना ही नहीं चाहिये॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीर के विशेष विशेष भागों को स्टीमबाथ—देना हो तो जिस भाग को देना हो, उसके नीचे बाष्प का वर्तन रख कर और उसी को ढांपना चाहिये ॥

चित्र नं० २



यह आकार डाक्टर कुहनी साहब के स्वनिर्मित यन्त्र का है। इस पर पेड़ू का स्टीमबाथ दिया जा रहा है। परन्तु एक कुर्सी से भी यह काम निकल सकता है। पेड़ू का स्टीमबाथ कठिन उदर रोगों, पाण्डुरोग, गर्भाशय सम्बन्धी रोगों में दिया जाता है। अर्थात् उस समय जब कि अप्राकृतिक पदार्थ उसी जगह हो। जैसा कि सम्पूर्ण शरीर के स्वेदन के पश्चात् हिपबाथ ताज़े पानी का किया जाना लिखा है। उसी प्रकार इस में भी किया जाना चाहिये। सारांश यह है कि पीछे की विधि वही है, जो बताई गई। हां स्त्रियों के रोगों में हिमबाथ के स्थान में फ्रैकशन सिट्ज़बाथ इस स्टीमबाथ के पश्चात् कराना चाहिये ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्र नं० २



उपर्युक्त आकार वाष्पीय स्वेदन का है, जब कि केवल शिर और ग्रीवा को दिया गया है। यह आकार डाक्टर साहब के अपने यंत्र का है, परन्तु इस प्रकार भी किया जा सकता है, कि बेंच पर एक तख्ता रखकर उसके ऊपर उबलते हुए पानी का बासन रक्खा जाता है, और शिर व ग्रीवा को लपेट कर सहारे के लिये सामने एक साधारण कुर्सी रखकर उस समय तक वाष्प दी जाती है,जब तक कि शिर और ग्रीवा को खूब पसीना आजावे। पसीना आते ही सब प्रकार का दर्द दन्त, शिर, आदि का बन्द होजाता है। इस स्वेद के पश्चात् शिर, छाती, यदि गरम हो, तो तत्काल फ्रैकशन हिप्पबाथ,(पेडू का स्नान) या फ्रैकशन सिटज़बाथ दे देना चाहिये। और यदि कुछ देर पीछे फिर दर्द होने लगे तो वाष्प का बाथ संपूर्ण शरीर को करना चाहिये। सारांश यह कि इसी प्रकार जितने अधिक की आवश्यकता हो भाप दी जा सकती है॥

सनबाथ (Sun Bath) अथात् सूर्य स्नान

का वर्णन किया जाता है। शीत ऋतु में जिस दिन धूप हो, और ग्रीष्मऋतु में जब सहन करने योग्य हो, तो धूप ली जा सकती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। परन्तु उस समय तक कि सुख पूर्वक सहन हो सके। क्योंकि भारत वर्ष की धूप यूरुप के शीतल देशों की अपेक्षा, जिनमें कुहनी साहिब रहते हैं, अधिक उष्ण होती है। अतः इस स्वेदन को करते हुए यह ध्यान रखना चाहिये कि लू न चलती हो, धूपअति कठिन न हो। शीत ऋतु में १० वजे से ३ वजे तक का समय उत्तम है। ग्रीष्म ऋतु में इस से प्रथम। रोगी को चाहिये कि हल्के वस्त्र पहन कर एक चारपाई पर कम्बल बिछाकर और मुख व शिर को केले व निम्ब के पत्तों से ढांप कर लेट जावे, नग्न पेडू को भी इसी प्रकार ढांका जा सकता है। आधा घण्टे से १½ घण्टा तक इस धूप को लेना चाहिये। जिन को धूप में शिरःशूल होने लगता है, उनको पहिले कम धूप लेनी चाहिये। धूप यदि अधिक हो, वा रोगी सहन न कर सकता हो, तो भी कम लेनी चाहिये। धूप लेने के पश्चात् शीतल करने के वास्ते फ्रैकशन हिपबाथ, या फ्रैकशन सिट्ज़बाथ लेना चाहिये। जिन रोगियों की इस सरद पानी में नहानेके पश्चात् शीघ्र शारीरिक उष्मा लौट न आवे, उनको पुनः थोड़ी धूप लगाना, या टहलाना चाहिये। सत्य तो यह है, कि निर्बल रोगियों को बड़ी सावधानी से धूप देनी चाहिये। और भोजन के पश्चात् एकआध घण्टा ठहर कर धूप लेनी चाहिये॥

स्मरण रहे, कि धूप के कारण से अप्राकृतिक पदार्थ जो शरीर में चलायमान होता है, उस से स्वभावतः शिरः शूल, चक्कर श्रम, और गुरुता उत्पन्न होती है॥

शरीर के विशेष २ भागों को धूप से स्नान कराने की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे रोगों में जिनमें मांस कहीं शरीर पर उभर आता है। या बहते हुए घावों में, या किसी अंग के कठोर हो जाने पर या रसौली में, या किसी स्थान के मांस बढ़ जाने पर, या शरीर में कहीं पीड़ा होती हो॥

शरीर के किसी विशेष भाग को बाथ देने के वास्ते कोई पृथक विधि नहीं है। इसी प्रकार धूप में लेटा जाता है। परन्तु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उस भाग को सर्वथा नग्न करके उस पर एक पत्ता केले का या थोड़े से पत्ते निस्त्रके रख दिये जाते हैं। डाक्टर साहिब का तजुर्बा है कि हरित पत्तों के भीतर से सूर्य्य की किरणें जो जाकर पहुंचती हैं तो उनका प्रभाव बहुत ही बढिया होता है॥

कहा जा सकता है कि धूप के बाथ में शरीर नग्न रखना और भी उत्तम मालूम होता है परन्तु डाक्टर साहिब इस के विरुद्ध हैं। वह कहते हैं, कि प्रकृति में फल, पत्तों के नीचे ढ़के हुए पहिले धूप पश्चात् जल पाकर पलते हैं। धूप के पश्चात् जल न देना, अथवा नग्न रहना उनको मुरझा देता है। अतएव हलके वस्त्र पहन कर और यदि किसी विशेष भाग को बाथ करना हैं, तो उसे नग्न करके और हरे पत्ते उसपर रख कर उचित समय तक बाथ करके अथवा फ्रैकशन हिपबाथ, या फ्रैकशन सिटज़बाथ, से अवश्य शीतल करना चाहिये। अन्यथा कुछ लाभ नहीं है।

फ्रैकशन हिपबाथ या कटिस्नान

बाष्पीय स्नान के पश्चात् अर्थात् पेड़ू का स्नान जो सूर्य्य स्नान या योंही भी किया जाता है। विधि चित्र से प्रगट होती है। एक टब में इतना पानी डाला

चित्र नं० ४

जावे कि पेड़ू और नाभि डूब जावे, और रान तक पहुंचे। पांव टांगें, और शरीर का ऊपर का भाग पानी से बाहर रहे, क्योंकि इन स्थानों में प्रायः रक्त कम होता है। पानी की उष्णता ६८ से ८४ फ़ैरनहीट होनी चाहिये फ़ैरनहीट थर्मा मेटर (घर्म्म मात्रि) एक यंत्र अंग्रेज़ी दुकानों से मिलता है, जिस से वायु या पानी की उष्णता मालूम की जाती है। ६८ से ८४ तक प्रायः ताज़ा कूप का जल गरम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है। अस्तु इसी को लेना पर्याप्त है। स्नान करनेवाला कुछ बठ कर और पीछे को सहारा करके बिना ठहरने के शीघ्रता से समस्त पेड़ू को नाभि के नीचे एक ओर से दूसरी ओर तक एक सामान्य मोटे गाले वस्त्र से मले, यहां तक कि शरीर खूब ठंडा हो जाय। बालकों के वास्ते थोड़े मिनट पर्याप्त हैं। रोगियों के वास्ते ५ या १ मिनट और फिर क्रमशः अधिक। नग्न भाग कदापि ठंडे न होने चाहियें। उन्हें कम्बल से अच्छी तरह ढक देना चाहिये। यह भी हो सकता है, कि एक बड़ा कम्बल ऊपर ओढ़ाया जावे। कम्बल शिर से लेकर पांव तक और टब के इतस्ततः भी लटके। पेड़ू के मलने में हाथ न रुके। इस प्रकार शेष संपूर्ण शरीर गरम रहेगा। और फिर वही शरद होगा, जब यह शीतल होगया, तो रोगी को शरीर उष्ण करणार्थ तुरन्त खुले मैदान में व्यायाम कराना चाहिये। और निर्बल रोगियों को कम्बल ओढ़ाकर लेटा देना चाहिये। यदि ऊष्मा क्रमशः आवे तो एक पट्टी पेड़ू के इर्द गिर्द लपेटनी चाहिये। इस प्रकार के हिपबाथ (पेड़ू स्नान) एक बार से ३ बार तक दैनिक दिये जा सकते हैं। इसके स्थान में बाज़ समय फ्रैक्शन सिटज़बाथ भी दिया जाता है, या दोनों। अस्तु फ्रैकशन सिटज़बाथ का वर्णन नीचे किया जाता है।

फ्रैकशन सिट्जबाथ या जननेन्द्रिय स्नान

यह बाथ विशेषकर स्त्रीरोगों में दिया जाता है। इसकी विधि लग भग हिपबाथ जैसी ही है। हिपबाथ में जैसा टब है उस टब में एक काष्ठ का आसन रख देना चाहिये। और फिर उसमें पानी इतना डाला जावे, कि उस काष्ठासन के किनारे तक पहुंचे। परंतु उसका ऊपर का भाग शुष्क रहे। अब इस पर स्त्री इस प्रकार बैठे जावे, जैसा हिपबाथ में बैठा जाता है। फिर एक मोटे वस्त्र व तौलिये को भिगोकर योनि को धोना आरम्भ करे। वस्त्र को बारम्बार भिगोना और धोना चाहिये। योनि के केवल बाह्यओष्ठ धोये जावें,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और उनको ज़ोर से आगे पीछे को मलना नहीं चाहिये, वरन् नरमी से धीरे २ मलना चाहिये। शेष शरीर शुष्क रहेगा, यदि नितम्ब भीग जावें तो कुछ ऐसी हानि नहीं। मासिक धर्म के दिनों में यह स्नान बंद कर देना चाहिये। हां यदि प्रदर (आर्तव की अधिकता) हो, तो यह बाथ लाभदायक है। तीन चार दिन रज आना स्वास्थ्य का लक्षण है, इससे अधिक व्याधि समझना चाहिये। इस फ्रैकशन सिट्ज़बाथ के वास्ते घड़े का शीतल जल (५० से ६० दर्जा फैरनहीट) पर्याप्त है। और इस स्नान को १० मिनट से ६० मिनट तक रोगी की आयु और शारीरिक बल के अनुसार किया जा सकता है। पानी जितना शीतल हो उत्तम है, परन्तु इतना अधिक भी न हो, कि हाथ सह न सके। बड़े टब में एक स्टूल रखकर भी इसको किया जा सकता है। ऐसा प्रबन्ध होना चाहिये कि स्टूल व बैठक के सिरे तक पानी पहुंचने तक १०-२० सेर पानी टब में अवश्य आ जावे। क्योंकि जितना पानी कम होगा उतना ही शीघ्र उष्ण होजावेगा। और इस लिये लाभ कम होगा॥

फ्रैकशन सिट्ज़बाथ की पुरुषों के लिये भी आज्ञा है। उपस्थेन्द्रिय की ऊपर की खाल को उंगलियों से सुपारी से बाहर तक खींचा जाता है, ताकि सुपारी सर्वथा भीतर ढप जावे और धोते समय उसको कोई रगड़ न आवे। फिर सामान्य रूमाल के बराबर टाट के टुकड़े को गीला करके उंगलियों में पकड़ी हुई खाल को धीरे २ धोता जावे, इस पर उर्दू अनुवादक ने निम्न लिखित नोट लिखा है:—

"इस स्नान के लिये टबके स्थान में एक मिट्टी की नांद (मिट्टी का खुले मुंह का बर्तन) ली जावे, और बैठने के लिये मोढ़ा या चौकी जो कि उंचाई में उसके बराबर हो, उसके साथ मिलाकर रक्खें, और मोढ़े पर पांव लटकाकर बैठकर लिंगेन्द्रिय स्नान किया जाय। एक रोगी की वर्ती हुई नांद दूसरा रोगी न वर्ते। और उसका पानी स्नान के लिये बदला हुआ होना चाहिये। उचित है कि थोड़े घड़े इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्य्य के लिये उसके पास रक्खे हुए हों। ताकि ठण्डा पानी जिस समय आवश्यकता हो मिल सके। नांद ऐसी हो कि जिस में २० सेर पानी कम से कम आजाय। क्योंकि इतना पानी २०'३० मिनट तक काम आवेगा। इस पानी को वृक्षादिमें न देना चाहिये, सूख जाता है। प्रश्न उत्पन्न होता है, कि मुसलमान बन्धु जिनका यह चर्म काट दिया जाता है यह बाथ कैसे करें? यह प्रश्न मैंने डाक्टर साहिब को जर्मन में लिखा, तो उन्हों ने उत्तर दिया कि जिनकी खाल कटी हो वह उस स्थान को जो टांगों और अण्डकोश के मध्य में होता है, तौलिये से मलें, और कटि के निचले भाग को टब के भीतर ३ अंगुल नितम्बों के ऊपर तक पानी रखकर उसमें बैठकर तौलिये से मलें। अस्तु केवल ३ उंगल नितम्ब भींगेंगे। शेष शरीर और टांगें शुष्क रहेंगे। पानी जितना शीतल मिल सकता हो उत्तम है। परन्तु ६३ दर्जा फ़ैरन हीट से अधिक शीतल न किया जावे। फ्रैकशन सिट्ज़ बाथ में एक और आवश्यक बात जो डाक्टर साहिब से पूछने पर ज्ञात हुई, वह यह है कि इस बाथके करते समय सम्पूर्ण शरीर से वस्त्र उतार दिये जावें। यह स्नान स्नानागार के भीतर होना चाहिये। विशेषतः शीत ऋतु में या शीत के समय दूसरे ऋतु में भी कमरा बाहर की वायु से गरम रखना चाहिये। जो कि अंगीठी से होसकता है। परन्तु स्मरण रहे, कि कोयलों का विष कमरे के भीतर न फैलने पावे। अंगीठी बाहर दहका कर भीतर लानी चाहिये। और फिर भी कमरे में वायु के गमनागमन का मार्ग रहे। यह चौकसियां हिपबाथ लेने के समय भी करनी आवश्यक है" हिपबाथ और फ्रैकशन सिट्ज़ बाथ के पश्चात् यदि रोगी बलवान् है तो खुले मैदानमें टहले या कोई और व्यायाम २०–३० मिनट तक करे। यदि रोगी निर्बल है तो कम्बल ओढ़कर लेट जावे, या जब तक कि उष्णता पर्याप्त न आवे, परन्तु मुख खुला रक्खे। ऐसे रोगों में जिनमें शरीर का कोई भाग दर्द करता हो, या किसी स्थान में सड़न उत्पन्न होगई हो या रोग जीर्ण और गुप्त हो तो स्नान से वह रोग बहुत शीघ्र नीचे खिच आता है, और उस स्थान पर या उस के समीप प्रगट होता है, जो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बाथ के समय रगड़ा गया था, इसे बुरा न समझना चाहिये। स्नान बराबर करते रहना चाहिये। हां वस्त्र पहिले से नरम वर्तना चाहिये बाजे रोगों में नितम्बों के ३ उंगल ऊपर पानी आना चाहिये। तब पानी की उष्णता ६४ दर्जे से कम और ७३ से अधिक न होनी चाहिये। नितम्ब जब पानी में हों, तो बहुत शीतल पानी हानि करता है। डाक्टर साहिब इस बात का स्वयम् ही उत्तर देते हैं, कि आन्तारिक घावों को बाहर लाने के वास्ते कोई और भाग इस लिये नहीं चुना गया है, कि इसी स्थान पर जीवनरूपी वृक्ष की पूर्ण जड़ है। पट्ठों के सिरे यहां ही हैं। रीढ़ से निकली स्नायु की शाखायें यहीं हैं। यह केवल लिंग ही है जो सम्पूर्ण शरीर पर प्रभाव डाल सकता है। इस जगह को शीतल जलसे धोने से न केवल निकृष्ट आन्तरिक गरमी ही कम होती है। वरन् पट्ठों में भी अधिक स्फूर्ति आती है। मानो सम्पूर्ण शरीर में नूतन बल प्रविष्ट कर दिया गया है। फ्रैक्शन सिट्ज बाथ सब बातों को जो शारीरिक अवयवों के कार्य्य को ठीक करती हैं पूरा करता है। यह बाथ उनके लिये है, जिनकी स्वास्थ्य खराब है। दुखदाई, घृणित शल्य क्रिया की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि सर्व घाव इस से अच्छे होसकते हैं पूरे स्वस्थ्य मनुष्यों पर फ्रैकशन सिट्ज़बाथ का कुछ प्रभाव नहीं होता॥

इस बाथ को वर्णन करके डाक्टर साहिब ने इस फ्रैक्शन हिपबाथ, और फ्रैक्शन सिट्ज़बाथ की प्रशंसा में जो शब्द लिखे हैं और जिनके साथ इस अध्याय की समाप्ति है, हम अक्षर प्रत्यक्षर अंकित करना उचित समझते हैं:—

"यदि शरीर के भीतर प्राकृतिक पदार्थ भरा हुआ है, जिसकी उपमा ज़ङ्गार लगी हुई मैशीन से दी जासकती है, तो बिगड़ी हुई पाचन शक्ति इस योग्य न होगी, किसाधारण अहार से इतना बल पहुंचावे, कि शारीरिक स्वास्थ्य को स्थिर रखने के लिये पर्य्याप्त हो। पहिले की अपेक्षा अधिक आहार की आवश्यकता प्रतीत होने लगती है और दैनिक, विशेषकर उत्तेजक आहार की, ताकि शरीर कामकाजके योग्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहे, परन्तु ऐसी दशा में पाचन शक्ति स्वभावतः क्षण प्रतिक्षण अधिक घटती जावेगी ॥

यदि हम फिर शरीर की जीवनी शक्ति को बढ़ाना चाहें, तो ऐसे उपायों के द्वारा बढ़ा सकते हैं, जो पाचन शक्ति को बल देवें। सबसे अच्छे उपाय जो मुझे ज्ञात हैं, वह प्राकृतिक आहार और उसी के साथ ठंडक पहुंचाने वाले यह स्नान हैं। यह बुरी से बुरी पाचनशक्ति को (जब तक वह ठीक होने के योग्य है) किसी दूसरी चिकित्सा से शीघ्र ठीक करते हैं, और प्रकृति के अनुसार प्रभाव करते हैं। इसके अतिरिक्त यह स्नान ज्वर की उष्णता को जो अप्राकृतिक पदार्थों की रगड़ से उत्पन्न हुई है, घटाकर स्वास्थ्य की दशा में लाते हैं। आगामी रोग का बढ़ना रुक जाता है। दैनिक वस्तुओं से एक दृष्टान्त लीजिये। देखिये; यदि हम चाहें, कि उस भाप को जो एक कमरे के भीतर खौलते हुए पानी से निकल रही हो, उसके वास्तविक रूप पानी में लावें, तो उपाय केवल यह होगा कि गर्मी को घटा दें। यही दशा अप्राकृत पदार्थ की है। रोग शरीर में उष्णता बढ़ जाने से उत्पन्न होता है, और यदि विपरीत अवस्था उत्पन्न कर दी जाय तो दूर भी हो सकता है, अर्थात् लगातार शीतलता पहुंचावें और आन्तरिक ऊष्मा, जो उचित सीमा से बहुत बढ़ गई है, घटा देवें ॥

परन्तु ठीक २ जैसे कि एक मैशीन एक ही स्थान से जैसा चाहें धीरे व तेज़ चलाई जा सकती है। वैसी ही दशा मनुष्य के शरीर की है। जीवन शक्ति पर एक ही स्थान से प्रभाव डाला जा सकता है। अर्थात् वह स्थान जो मैंने फ्रैकशन सिट्ज़बाथ के लिये स्वीकार किया है॥

इस कथन के पश्चात् सब को स्पष्ट रूप से ज्ञात हो जावेगा, कि मैं किस प्रकार से नेत्र रोगों, कर्ण रोगों की इसी विधि से कृतकार्यता पूर्वक चिकित्सा करता हूं। (हां प्रत्येक रोगों की अवस्थानुसार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विचार करके) इससे मैं दूसरे रोगों अर्थात् शीतलाज्वर, स्कारलेट, विशूचिका आदि को दूर करता हूं। प्राकृत शक्ति सम्पूर्ण शरीर की बढ़ा दी जाती है, और उसके साथ यह संभव नहीं है कि, शरीर के एक भाग में दूसरे की अपेक्षा अधिक तेज़ी आ जावे, केवल उस दशा के अतिरिक्त जिसका वर्णन ऊपर किया गया है, कि जहां स्नायविक श्रृंखला भंग हो गया हो। प्रायः लोग इस बात को नहीं जानते कि उसकी प्राकृत शक्ति का बढ़ाना किस प्रकार प्रगट होता है, और अनेक समय रोगी की आशा के सर्वथा विरुद्ध प्रगट होता हैं। यथा ऐसी घटना हो सकती है, कि तम्बाकू पीने वाले इस प्रकार के बाथों के पश्चात् तम्बाकू अधिक सेवन नहीं कर सकते, और वह सोचने लगते हैं कि उनके आमाशय निर्बल होगये हैं। यद्यपि इसके विपरीत पहिले उनके आमाशय तम्बाकू के विषाक्त धूम्र का सामना करने के अयोग्य थे। परंतु अब पुनः उनमें यथेष्ट बल आगया, कि उस विष का सामना करें। जब तक पट्ठे इन स्थानों के द्वारा बल प्राप्त करने की योग्यता रखते हैं, तब तक शरीर में सदैव ऐसी शक्ति आजावेगी, कि प्राकृतिक अंग दूषित पूय को, जो शरीर में सञ्चित होगया है, निकाल देवें ॥

फ्रैकशनसिट्ज़बाथ के अतिरिक्त पेडू के ऊपर मिट्टी (गीली चिकनी मिट्टी व पिंडोल) का लेप बाह्य ऊष्मा को घटाने, और अप्राकृतिक पदार्थ को उखाड़ने के लिये बहुत ही हितकर प्रमाणित होगा। ऐसा बांधना आगन्तुक चोटों और घावों को भी बहुत लाभ देने वाला है ॥

किसी मनुष्य को यह विचार नहीं करना चाहिये, कि यह चिकित्सा विधि (जो कि प्रत्येक मनुष्य की अवस्थानुकूल निर्द्धारित की जाती है) प्रत्येक रोगी को अवश्यमेव पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करेगी, जैसा कि मैं पहिले वर्णन कर चुका हूं, मैं प्रत्येक रोग को अच्छा कर सकता हूं, नाकि प्रत्येक रोगी को। क्योंकि जिस रोगी की प्राकृत शारीरिक शक्ति और जठराग्नि नष्ट हो चुकी है, उसको इस चिकित्सा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विधिसे निस्सन्देह ऐसा लाभ होगा, जो सच मुच किसी दूसरी औषधि से नहीं हो सकता ॥

"कई अवस्थाएँ ऐसी भी कठिन होती हैं, कि जिन में मेरे स्नान बहुत सोच समझ कर लेने चाहियें, और जिनमें प्रायः थोड़े दिनोंके पश्चात् बन्द भी कर देने चाहियें। ऐसी दशाओं में केवल इस लेखके आधारपर, बिना इसके कि मेरी चिकित्सा विधिसे पूर्ण विज्ञता प्राप्त करें, रोगियों की स्वयम् ही चिकित्सा करने लगना अनुचित होगा ऐसी दशाओं में उचित है, कि पत्र व्यवहार द्वारा मुझ से जिज्ञासा करें, जिससे कि कोई बुरा परिणाम इस चिकित्सा विधि से उत्पन्न न हो" ॥

अब आपने भली भांति समझ लिया, कि डाक्टर लुई कुहनी साहिब ४ प्रकार के स्नानों से सर्व रोगों की चिकित्सा करते हैं। वह ४ स्नान यह हैं :—

स्टीमबाथ अर्थात् वाष्पस्नान, सनबाथ अर्थात् सूर्यस्नान, हिपबाथ अर्थात् नितम्बस्नान और सिट्ज़बाथ अर्थात् जननेन्द्रियस्नान ॥

अब उचित् प्रतीत होता है, कि ताऊन की जिस प्रकार इन स्नानों से चिकित्सा की जाती है, उस को लिखा जावे। उर्दू अनुवादक 'नया इल्म शफ़ाबख़्शी' ने एक क्रोड़पत्र दिया है, जिसे हम नीचे अंकित करते हैं :—

डाक्टर लुईकुहनी साहिब की चिकित्सा विधि अनुसार प्लेग (ताऊन) का प्रतिकार

प्लेग अर्थात् ताऊनके विषयमें जितना इस समय तक समाचार पत्रादिके देखने और सुनने से ज्ञात हुआ है, वह यह है कि भारतवर्ष में यह रोग चार प्रकार का हुआ है। एक तो ब्यूबानिक अर्थात् जिस में गिल्टियां बढ़ जाती हैं। द्वितीय न्यूमौनिक अर्थात् जिस में फुप्फुस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में एक प्रकार का शोथ हो जाता है, और वह पूर्ण रूप से अपना काम नहीं कर सकते। तृतीय सैपटीसमिक जिस में सम्पूर्ण शरीर का रुधिर दूषित हो जाता है। चौथे इन्टिसटाइनल जिस में अन्त्रियां निकृष्ट हो जाती हैं। एक ही रोगी को एक से अधिक प्रकार का ताऊन एक बार होजाना भी सम्भव है। पहिली प्रकार के ताऊन की गिल्टियां या तो ज्वर के प्रथम निकलती हैं, या ज्वर आरम्भ होने के पश्चात्। यदि शरीर के अधोभाग में गिल्टी निकलती है, तो प्रायः जंघा में। और यदि ऊर्द्ध भाग में निकलती है तो कानों के पास, वा उन के नीचे गले में॥

यह रोग मनुष्यों की अपेक्षा, लोग कहते हैं, कि चूहों में शीघ्र व्यापता है। और पहिले चूहे ही मरते हुए देखनेमें आते हैं। फिर इसका प्रभाव मनुष्यों पर होता है। ऐसा तो कोई घर नहीं, कि जहां चूहे न हों, अस्तु चूहों के द्वारा एक घर से दूसरे घर में भली भांति जा सकता है। कई नगरों में जहां कि म्यूनिसिपैलिटी ने इन दुष्ट जीवों की संख्या शीत ऋतु आरम्भ होने से पहिले ही घटा दी है, उन नगरों में फिर यह बहुत कम हुआ। है। जब रोग को एक स्थान से दूसरे स्थान में लेजाने वाले चूहों की संख्या कम होगी तो रोग भी कम फैलेगा। रोग को रोकने के लिये घरों की स्वच्छता भी आवश्यक है। विशेष कर नालियों, चहबच्चों, और पाखानों की अर्थात् उन स्थानों की, कि जहां मल होने का अवसर हो, स्वच्छता अवश्य रखनी चाहिये, और फ़िनायल वाटर से उन्हें धो डालना, या उन में छिड़क देना, और घरों की वायु शुद्ध रखने के लिये उन में सुगन्धी एक बार दैनिक जलाना उचित है। जिन लोगों का दैनिक हवन करना कर्तव्य है, वह गृह में हवन करें, और दूसरे लोग किसी उत्तम वस्तु यथा गुगुल या अन्य सुगन्धी को एक दो बार गृह में दैनिक जलाकर उसका धूम्र लगा दिया करें॥

गृहों की स्वच्छता से शारीरिक स्वच्छता भी कम आवश्यक नहीं है। शरीर को स्वच्छ रखना तो वाह्य स्नान और वस्त्र स्वच्छ रखने से पूर्णतया हो सकता है। परन्तु केवल वाह्य शारीरिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वच्छता से काम नहीं चलता, वरन् आन्तरिक स्वच्छता भी आवश्यक है। इस पुस्तक "नया इल्म शफ़ाबख़्शी" के प्रथम ९९ पृष्ठ पढ़कर आपको ज्ञात होगया होगा, कि बिना आन्तरिक मलीनता के कोई रोग होना सम्भव नहीं, और आन्तरिक मैल से बचने और उसके निवारण करने का उपाय भी प्रथम भाग के शेष पृष्ठों के पढ़ने से ज्ञात होचुका होगा ॥

आन्तरिक व वाह्यिक स्वच्छता से भी अत्यावश्यक आत्मिक शुद्धि है। आत्मिक शुद्धि के विना मनुष्य ऐसे २ कर्मोंका कर्त्ता बनता है, कि जिनसे सब प्रकार की अपवित्रता होती है। आत्मिक शुद्धि के लिये मनुष्य को उचित है, कि अपने जातीय धर्म को पालन करे। रोग मनुष्य के पापाचार का फल है, और जितने अधिक किसी देश के निवासी पापी होंगे उतने ही अधिक कठिन रोगों में ग्रस्त होंगे। क्या यह कहा जा सकता है, कि भारतवर्ष में लोगों का आचार पहिले की अपेक्षा अब अच्छा है? प्रत्येक मनुष्य जब अपने आप को अपने इतस्ततः विचार पूर्वक देखेगा तो यही कहेगा कि नहीं, और उसका कारण यही दिखाई देगा कि साधारणतः प्रत्येकमत के लोग अपने मत-धर्म का पालन नहीं करते। केवल वाह्य कर्मों का ही नहीं वरन् आन्तरिक बुरे भावों का भी स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है, और जीवन को घटाने वाला है ॥

जब किसी घर में यह ताऊन रोग चूहों में प्रगट हो, तो उस गृह को तुरन्त छोड़कर चले जाना चाहिये, और उसकी सफ़ाई पूर्णतया करनी चाहिये। मृतक चूहों को फैंक देने के स्थान में जला देना चाहिये, उन उपायों के अतिरिक्त कि जो फिनायल या रसकपूर आदि को पानी में मिलाकर गृह का प्रत्येक कोना २ और नालियों आदि के धोने के हैं, सबसे सुगम विधि यह है, कि घर में पुराल वा सूखी घास और नीम के शुष्क पत्ते बिछाकर और ऊपले व लकड़ी उसके ऊपर फैलाकर जला दें; जिससे घरमें भली भांति धूआं होजाय, और पूर्णतया गरम होजाय, और घर की संपूर्ण भूमि एक बार अग्निवत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तपा देनी चाहिये। क्योंकि जहां तक मनुष्य का अनुभव है कोई भी जीव धारी ऐसा नहीं, जिसको अग्नि भस्म न कर सकती हो ॥

यदि किसी मनुष्य के विषय में संदेह हो, कि वह इस रोग में ग्रस्त है, तो उसे घर के अन्य मनुष्यों से पृथक् रक्खें, और उस की आवश्यकता के समय ही उस के पास जावें। उससे अधिक वार्ता-लाप करना भी उसके विचारों को निर्बल करना है। चित्त को एकाग्र करने के लिये उचित है, कि रोगी अपने सच्चे उपासनीय के ध्यान में प्रवृत हो। रोगी को ऐसे घर में रक्खें, जिस में नवीन वायु का भली भांति प्रवेश हो ॥

चिकित्सा ।

जिस समय किसी मनुष्य के विषय में ताऊन का थोड़ा भी सन्देह हो, चाहे गिल्टी निकल आई हो, या सर्वथा रोग हो, तो सब से प्रथम रोगी को सम्पूर्ण शरीर का एक स्टीम बाथ आधे घण्टे पर्य्यन्त देवें। यदि कोई बेञ्च वा कुरसी प्राप्त न हो, तो छोटी चारपाई पर भी जिसकी बुनावट घनी न हो, यह वाष्पस्नान लिया जासकता है और वाष्पस्नान के पश्चात् तुरन्त एक फ्रैकशन हिपबाथ देर तक देवें। आधा घण्टा या उससे भी अधिक, यदि रोगी को पानी में बैठना बुरा न प्रतीत होता हो। स्टीमबाथ लेने के समय यदि थोड़ी २ देर तक मुख कम्बल के भीतर ढांप रक्खें, और खोलकर श्वास लेवें तो उत्तम है। ऐसा करने से वाष्प का प्रभाव भीतर पहुंचता है। इस बाथ के पश्चात् प्रति ३-३ चार चार घण्टे के पश्चात् फ्रैकशनसिट्ज़ बाथ आध २ घण्टा तक और हिपबाथ कोई २०-३० मिनट तक बारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बारी से लेवें। जब तक कि ज्वर दूर न हो जावे। यदि ३ बाथ देने से लाभ प्रतीत हो, तो फिर अगल दिन देवें और ज्वर दूर होने के पश्चात् भी सप्ताह तक दैनिक हिपबाथ तथा फ्रैकशन सिट्ज़बाथ लेते रहें, यदि आवश्यकता प्रतीत होती हो। अथवा पाहेले स्टीम बाथ में पसीना न आया हो तो दूसरे दिन फिर स्टीमबाथ लिया जा सकता है। परन्तु सावधानी के साथ॥

यदि गिल्टी निकल आई हो, तो पूरे शरीर के लिये स्टीम बाथ देने के समय गिल्टी को विशेष कर भली भांति भाप देवें। और यदि गिल्टी कान के पास या गले में है, तो उपर्युक्त चिकित्सा के अतिरिक्त एक दो बार चेहरा व गर्दन को स्टीमबाथ देकर तब फ्रैकशन हिपबाथ वा सिट्ज़बाथ करें। गिल्टी जंघा में है, तो पेडू के स्टीम-बाथज़ पूर्ण शरीर के स्टीम बाथ़ज़ के अतिरिक्त देने उचित होंगे। पूरे स्टीम बाथ के दिन पेडू का स्टीमबाथ पृथक् न दिया जावे। यदि गिल्टी में दाह प्रतीत होता हो, तो उस को बीच २ में उष्ण पानी में ऊनी वस्त्र भिगोकर और निचोड़ कर सेंकते रहें। और शेष समय में उस पर ठण्डे पानी भीगे हुए वस्त्र रख कर ऊपर से किसी ऊनी वस्त्र की पट्टी लपेट देवें (फ़लालैन की पट्टी उत्तम होगी या किसी अन्य ऊनी वस्त्र की) पट्टी ऐसी कठोर न बंधी हुई हो, कि उससे रक्त भ्रमण बन्द होजावे। गद्दी भिगोने के लिये यदि वर्षा का जल हो तो उत्तम है। उससे उतर कर पानी, अर्क़, गङ्गाजल, और गङ्गा जल से उतर कर कूए का अच्छा मीठा पानी उत्तम है। ठण्डे पानी की गद्दी को कभी २ शीतल करते रहें तो उत्तम है। यदि गिल्टी फूट जावे, तो उस गद्दी को दिन में कई बार पूर्णतया बदल देने की आवश्यकता होगी। (उन फाओं या गद्दियों आदि को जिन में कि गिल्टी से निकला हुआ पीव लग गया है जला देना सब से अच्छा है) थोड़े दिनों में इस पानी की गद्दी और फ़लालैन की पट्टी से और अन्य बाथों से ही गिल्टी का घाव और गिल्टी अच्छी हो जावेगी।

आहार —क्षुधा लगने के बिना रोगी को आहार न देवें और जब देवें तो शीघ्र पचने वाला और लघु देवें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब अन्त में उन शब्दों को लिखता हूं, जिन को अनुवादक बाबू कृष्ण स्वरूप साहिब ने मुझे अपने पत्र में लिखा था, और जिन्होंने मुझ को यह बाथ लिखने पर उद्यत कियाः—

"प्लेग के रोगियों के लिये प्रारम्भ में यदि सूचना मिले, तो "अमृतधारा" हितकर पाई गई है। "अमृतधारा" ने अनेक रोगियों को १ से २ घण्टे में स्वस्थ कर दिया परन्तु जब रोग को उत्पन्न हुए कुछ काल होगया, तो मैंने डाक्टर लुईकुहनी की चिकित्सा विधि अनुसार हिपबाथ और स्टीम बाथ दिलवाये। केवल सान्निपातिक दशा एक हिपबाथ से २ घण्टे के भीतर दूर होगई। पश्चात् हिपबाथ वा सिट्ज़बाथ। इस विधि के फल बहुत आश्चर्य जनक हैं"।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमृतधारा की सिल्वर जुबली
१० मार्च १९२६ से १६ मार्च तक बड़े समारोह से मनाई गई थी

इस सिल्वर जुबली का अद्भुत वृत्तान्त जो सज्जन पूरा २ पढ़ना चाहें, एक कार्ड भेज कर बिना मूल्य मंगवा सकते हैं संक्षिप्त तौर पर यहां भी लिख दिया जाता है।

१० मार्च १९२६ को प्रातः काल वेद पाठ तथा हवन हुआ और विद्यार्थियों आदि को खाना खिलाया गया। सायंकाल को प्रदर्शिनी और विद्युत चिकित्सा का उद्घाटन—

श्री राजा नरेन्द्रनाथ जी एम. ए. एम. एल. सी. भूतपूर्व कमिश्नर पंजाब, तथा प्रधान हिन्दु महासभा ने किया। इस उत्सव में सहस्रों की उपस्थिति थी। पहले पं० ठाकुरदत्त शर्मा वैद्य ने प्रदर्शिनी के लाभ वर्णन किये और बतलाया, कि यह प्रदर्शिनी ७ दिन तक खुली रहेगी। आपने कहा कि विद्युत् चिकित्सा को भी जिसकी मशीनें विलायत से मैं लाया था आज से जारी कर दिया जायगा। इसके पश्चात् डाक्टर नन्दलाल जी बी.ए. एल. एल. डी. बैरिस्टर ने एक संक्षिप्त भाषण में पंडित जी की वैद्यक योग्यता, उन की मानसिक उन्नति, धार्मिक भिज्ञता, उनके आचार और दान शीलता का वर्णन किया और कहा कि उन्होंने कई दर्जन पुस्तकें लिख कर और पत्र जारी करके देश और चिकित्सा की भारी सेवा की है और आज वह हम सब के धन्यवाद के पात्र हैं।

इसके पश्चात् मौलवी महबूब आलम सम्पादक "पैसा अखबार" ने प्रदर्शिनी की चाबी राजा साहिब के अर्पण की। आपने चाबी लेते हुये एक युक्तियुक्त भाषण में बतलाया कि वह समय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया, जब कि प्रत्येक विदेशी वस्तु अच्छी समझी जाती थी। हमको स्वदेशी वस्तुओं का सन्मान करना चाहिये। देशी चिकित्सा में बहुत गुण हैं। हां वर्तमान पदार्थविद्या के अनुभवों को अपने भीतर स्थान देना चाहिये। वैद्यक चिकित्सा के साथ विद्युत चिकित्सा की सहायता लेना भारतवर्ष में पहिला उदाहरण है। इसके लिये पंडित जी धन्यवाद के पात्र हैं। इस के पश्चात् आपने प्रदर्शिनी और विद्युत् चिकित्सा विभाग को खोल दिया, और सहस्रों पुरुषों ने देखना आरंभ किया।

यह प्रदर्शिनी बराबर सात दिन तक खुली रही, और सहस्रों की संख्या में जनता प्रतिदिन देखने के लिये आती थी। अमृतधारा भवन बिजली के प्रकाश से खूब जगमगा रहा था। बिजली की अद्भुत पुतलियां और मशीनें जनता को अपनी ओर खैंचती रहती थीं। ४ बजे सायङ्काल से १० बजे रात्रि तक अमृतधारा भवन के सामने एक मेला लगा रहता था, बल्कि किसी समय तो रास्ता भी बंद हो जाता था। प्रत्येक मत और प्रत्येक व्यवसाय के स्त्री पुरुष, बालक वृद्ध लाभ उठा रहे थे। हर एक ने सराहा और पंडित जी के काम की प्रशंसा की।

११ मार्च को प्रातः अनाथों तथा दीनों को भोजन दिया गया। और २ बजे से ४ बजे तक हकीमों और वैद्यों का सम्मेलन हुआ जिस में वैद्य सभा और अञ्जुमन अतिबा के सेक्रेटरियों ने पं० जी के कार्य और उनकी वैद्यक सेवा की प्रशंसा की, और यह निश्चय हुआ, कि इस जुबली के उपलक्ष में वैद्यों और हकीमों की एक सम्मिलित समिति बनाई जावे जिसके प्रधान पं० जी और मंत्री कविराज हरनामदास बी० ए० नियत किए जावें। कान्फ्रेंस के पश्चात् सब वैद्यों तथा हकीमों को एक पार्टी दी गई।

१२ मार्च को ५ बजे से ८ बजे सायंकाल तक जुबली का दिन मनाया गया। लोग चार बजे से एकत्रित होने आरम्भ हो गए थे आठ दस सहस्र स्त्री पुरुष इस उत्सव में सम्मिलित हुए। लोगों का तांता लग रहा था, हर एक पहिले स्थान लेने के लिए उत्सुक था। इस के प्रधान—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जनाब मसीहउल मुल्क हकीम मुहम्मद अजमलखां साहिब शाही हकीम देहलवी थे। सब से प्रथम पं० जी ने अपने जीवन के मनोरञ्जक और शिक्षादायक वृत्तान्त सुनाये, जो कि सम्पूर्ण "जुबली वृत्तान्त" में छप गए हैं। इसके पश्चात्—

सर डाक्टर मियां मुहम्मद शफी साहिब एम. ए. के. सी. ऐस. आई. ऐल. ऐल. डी. भूतपूर्व सदस्य शिक्षा विभाग (गवर्नमेंट इंडिया) नेपं० साहिब को धन्यवाद दिया, और कहा कि अमृतधारा अपने गुणों के कारण कामयाब है, और मेरे यहां ऐसा कोई समय नहीं होता जब कि दो चार शीशियां मौजूद न रहती हों।

सर खान बहादुर शेख अब्दुल कादिर साहिब बैरिस्टर भूतपूर्व वज़ीर पंजाब ने फरमाया, कि पं० साहिब ने साबित कर दिया है, कि देशी ओषधियां विदेशी औषधियों को मात भी कर सकती हैं। महाशय कृष्ण बी०ए० सम्पादक "प्रताप" ने कहा कि पं० जी की उन्नति उनके शुभ गुणों के कारण से है। आप जहां कमाते हैं देते भी हैं। आपने अपने पुत्र के विवाह पर एक बार ही ४० हजार रुपया दान कर दिया था—उपदेशक विद्यालय को आजकल आप ४००) मासिक दे रहे हैं। और कोई भी किसी शुभ कार्य के लिए उन के पास जाय, खाली हाथ नहीं जाता है।

डाक्टर गोकुलचन्दजी नारंग, एम.ए. मैम्बर पंजाब कौंसल ने कहा कि परमात्मा की दी हुई योग्यता के साथ धैर्य और संगठन शक्ति भी हो तब ही सिद्धि प्राप्त हो सकती है। यह सब बातें पं० जी में मौजूद है। आप उन लाभकारी प्राणियों में से हैं, जिन की मेघ, नदी अथवा वृक्षों से उपमा दी जा सकती है।

मौलवी गुलाम मुहीउद्दीन साहिब वकील कसूरी ने आप के कार्य की प्रशंसा करते हुए फरमाया, कि इस के उपलक्ष में पं० साहिब को कोई ऐसा उपाय सोचना चाहिए, कि अनाथों को वैद्यक सहायता प्राप्त हो सके।

सरदार सरदूल सिंह कवीश्वर ने वर्णन किया, कि विजयी सदा पराजित जातियों की विद्या तथा शिल्पका सम्मान नहीं करते,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पं० साहिब धन्यवाद के पात्र हैं, कि जिन्होंने देशी चिकित्सा का सम्मान बढ़ाकर मुकाबिला किया।

लाला दुनीचन्द साहिब बैरिस्टर ने घोषणा की कि मौलवी गुलाम मुहीउद्दीन साहिब की अपील से पंडित जी ने मुझे यह सूचना देने को कहा है, कि वह २० हजार रुपया दीनों तथा असहायों की वैद्यक सहायता के लिए जुदा करते हैं।

उत्सव के प्रधान जनाब मसीहुलमुल्क साहब ने जनता को धन्यवाद दिया और कहा, कि वह पंडित जी को १७, १८ वर्षों से जानते हैं, वह सचमुच परिश्रम धैर्य्य और सत्यता से कार्य्य करने वाले हैं। यदि ऐसे सब लोग मिलकर देश के लिये काम करें, तो स्वराज्य क्यों प्राप्त न हो। हिन्दू मुसलमान जैसे आज एकत्रित हुये हैं, उनको सदा मिलना चाहिये। हिन्दू मुसलिम झगड़ों से देश को बहुत हानि पहुंच रही है। उत्सव के पश्चात् तालियां और "अमृतधारा की जय" के शब्दों से पिंडाल गूंज रहा था * ।

एक अद्वितीय विज्ञापन।

अमृतधारा के सहस्रों ऐसे विज्ञापन तैयार हो सकते हैं, जिन में एक शब्द भी अपनी ओर से न मिलाना पड़े और एक पूरा विज्ञापन बन जावे, (क्योंकि ३३ हजार पुरुषों के प्रशंसा-पत्र मौजूद हैं)। नीचे हम ने कुछ पत्रों के थोड़े२ शब्द छांट कर दरज कर दिये हैं। जिन महाशयों के ये शब्द हैं, उन के नाम कोष्टों में साथ २ बारीक छाप दिये हैं। आरम्भ से अन्त तक पढ़ जाइए आप को अमृतधारा का वर्णन मिल जायगा, और हमारा इस में एक भी शब्द नहीं।

आप की आविष्कृत अमृतधारा की किस जिह्वा से श्लाघा करूं, यह एक अद्वितीय औषधि है इस ने वह २ चमत्कार दिखलाये हैं,

* विस्तृत विवरण जो कि बड़े मनोरञ्जक हैं। "रिपोर्ट सिल्वर जुबली" में देखिये जो कि मुफ्त मिल सकती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

